## न्यूज विंडो

### यूपीः कांवड़ टकराने पर दो समूहों में मारपीट, पुलिसकर्मी घायल

**मेरठ** | दिल्ली-देहरादून हाईवे पर बाइक की टक्कर से कांवड़ क्षतिग्रस्त होने के बाद दो श्रद्धालु समूहों में विवाद हो गया। घटना दौराला थाने में 2 अगस्त की रात हुई। पुलिस के अनुसार हरिद्वार जा रहे सोनू और उसके साथी की बाइक से सड़क पर रखी कांवड़ टकरा गई, जिसके बाद कहासुनी मारपीट में बदल गई। बीच-बचाव करने पहुंचे हेड कांस्टेबल घायल हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर बाइक जब्त कर ली है।

### फर्जी पुलिसवालों के नाम पर निकाली 6 करोड़ सैलरी

**मुंबई** | मुंबई पुलिस के सैलरी रिकॉर्ड में 6.41 करोड़ रुपए की बड़ी वित्तीय गड़बड़ी सामने आई है। जांच में पता चला कि 2019-20 के दौरान सिस्टम में 10 ऐसे फर्जी कर्मचारियों के नाम जोड़े गए, जिनका पुलिस विभाग से कोई संबंध नहीं था। ये लोग बिना पुलिस में भर्ती हुए सैलरी लेते रहे। मामला तब पकड़ में आया, जब कर्मचारियों का डेटा नए प्लेटफॉर्म पर माइग्रेट हो रहा था।

### शेख हसीना की प्रेस कॉन्फ्रेंस आज, भारत ने कहा-सरकार से संबंध नहीं

**नई दिल्ली**| भारत सरकार ने पूर्व बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना के बुधवार को शाम छह बजे प्रस्तावित मीडिया कार्यक्रम से किसी भी तरह का संबंध होने से इनकार किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'सरकार की इसमें कोई भूमिका नहीं है और न ही वहां व्यक्त किए जाने वाले किसी भी विचार का वह समर्थन करती है।' यह कार्यक्रम एक निजी मीडिया संस्था आयोजित कर रही है।

### महाराष्ट्रः डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार को 'गूंगी गुड़िया' कहने पर विवाद

**मुंबई**| महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को कांग्रेस द्वारा 'गूंगी गुड़िया' कहे जाने पर विवाद बढ़ गया। एनसीपी के कार्यकर्ताओं ने मुंबई स्थित महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल से माफी की मांग की। कांग्रेस ने एनसीपी कार्यकर्ताओं पर पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ की कोशिश का आरोप लगाया है।

### आसमान में 12 अगस्त को एक साथ दिखेंगे तीन बड़े नजारे

**न्यूयॉर्क** | आसमान में 12 अगस्त को कुछ ही घंटों के अंतर पर पूर्ण सूर्यग्रहण, टूटते हुए तारे (पर्सिड्स मेट्योर शॉवर) और छह ग्रहों की परेड जैसे तीन बड़े नजारे एक साथ दिखाई देंगे। सोशल मीडिया पर इसे 'ट्रिपल फीचर' बताकर प्रलय से जोड़ा जा रहा है, जिसे वैज्ञानिकों ने खारिज कर दिया है। पूर्ण सूर्यग्रहण ग्रीनलैंड, आइसलैंड, स्पेन और पुर्तगाल के कुछ हिस्सों में दिखेगा।

**जोखिम में जान** • हर वक्त ड्रोन-मिसाइल हमले का खौफ, नींद भी मुश्किल

# होर्मुजः 4 माह से जहाजों पर कैद 6 हजार नाविक; न भरपेट खाना, न ही इंटरनेट

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**तेहरान/जिनेवा** | ईरान-इजराइल युद्ध की सबसे बड़ी लेकिन अनदेखी मानवीय त्रासदियों में से एक समुद्र के बीच फंसे हजारों नाविक हैं। संयुक्त राष्ट्र की समुद्री एजेंसी (आईएमओ) के मुताबिक, करीब 6 हजार नाविक अब भी फारस की खाड़ी में जहाजों पर फंसे हैं। कई नाविक चार महीने से घर नहीं लौट पाए हैं। हमले के तुरंत बाद यहां करीब 1,500 जहाजों पर 20 हजार नाविक फंस गए थे। हालांकि, बाद में कुछ जहाज निकल गए।

कई नाविकों का बाहरी दुनिया से संपर्क लगभग टूट चुका है। उन्हें हर कुछ दिन में सिर्फ 30 मिनट इंटरनेट मिलता है। कुछ जहाजों पर राशन सीमित होने से नाविक दिन में सिर्फ एक बार चावल और दाल खा रहे हैं। लगातार मिसाइल या ड्रोन हमले के खतरे के खौफ में नींद भी पूरी नहीं कर पाते। कई लोग इस तैयारी के साथ सोते हैं कि हमला होते ही भाग सकें। विशेषज्ञों के मुताबिक, नाविक जहाज को नहीं छोड़ सकते हैं। सुरक्षित निकासी बेहद मुश्किल है और कई नाविक अल्पकालिक अनुबंध पर हैं। उन्हें डर है कि यदि वे खतरनाक ड्यूटी छोड़ने की मांग करेंगे तो कंपनियां उन्हें दोबारा नौकरी नहीं देंगी। युद्ध के बीच फंसे इन नाविकों की मानसिक सेहत, नींद और आर्थिक स्थिति पर भी गंभीर असर पड़ा है।

### ईरान के कब्जे में दो जहाज; 63 हमले, 17 नाविकों की मौत

- 22 अप्रैल को ईरान ने कंटेनर जहाज एमएससी फ्रांसेस्का और एपामिनोंडास को होर्मुज जलमार्ग के पास रोक लिया था। दोनों जहाज अब भी ईरानी जलक्षेत्र में हैं। कुछ नाविकों को रिहा किया गया है, लेकिन अधिकांश चालक दल अब भी वहीं फंसा है।
- युद्ध शुरू होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास 63 हमले हो चुके हैं। इनमें 17 नाविकों की मौत हुई है। अधिकांश मौतें ईरानी हमलों में हुईं, जबकि तीन नाविक अमेरिकी नौसेना की कार्रवाई में मारे गए।
- युद्ध से पहले होर्मुज से रोज औसतन 130 जहाज गुजरते थे। अब यह संख्या घटकर सिर्फ 12-13 प्रतिदिन रह गई है।
- **6 जहाजों पर 125 भारतीय फंसेः** युद्ध की शुरुआत में 36-38 भारतीय जहाजों पर 1,100 भारतीय नाविक होर्मुज के आसपास फंस गए थे। बाद में अधिकांश जहाज निकल गए। सूत्रों के मुताबिक, 125 भारतीय नाविक अभी भी 6 भारतीय जहाजों पर फारस की खाड़ी में मौजूद हैं।

### ट्रम्प का दावा- वार्ता शुरू; ईरान बोला- अमेरिका से बातचीत नहीं



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि युद्ध समाप्त करने के लिए ईरान से बातचीत फिर शुरू हो गई है। वहीं ईरान ने कहा कि उसकी अमेरिका से कोई वार्ता नहीं चल रही। उसकी बातचीत केवल ओमान के साथ हो रही है और उसका मकसद होर्मुज में सुरक्षित नौवहन का रास्ता सुनिश्चित करना है।

### पाक ने ईरानी मंत्री को बुलाया

पाकिस्तान ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची को जल्द इस्लामाबाद आने का न्योता दिया है। वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान-अमेरिका से जुड़े मामलों में पाकिस्तान अब भी मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है।
- **यूक्रेन पर हमले की थी तैयारीः** ईरान ने दावा किया कि कैस्पियन सागर में जहाज पर हमले के बाद यूक्रेन पर जवाबी हमले की तैयारी थी। हालांकि, यूक्रेन द्वारा हमले को गलती बताए जाने के बाद कार्रवाई फिलहाल रोक दी गई।

**चीन सीमा** • खराब मौसम में जवानों को नहीं होगी दिक्कत

# उत्तराखंडः पहली बार बिजली के ग्रिड से जुड़ेंगी सेना की चौकियां

भास्कर न्यूज | उत्तरकाशी

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में भारत-चीन सीमा पर अग्रिम सैन्य चौकियों तक पहली बार ग्रिड से बिजली पहुंचाने की तैयारी शुरू हो गई है। केंद्र सरकार की पुनरोत्थान वितरण क्षेत्र सुधार योजना (आरडीएसएस) के तहत करीब 80 करोड़ रु. की परियोजना को मंजूरी मिल चुकी है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण एजेंसी का चयन भी कर लिया गया है।

परियोजना के तहत गंगोत्री धाम से पहले कोपांग में नया 33/11 केवी विद्युत सब-स्टेशन बनाया जाएगा। भटवाड़ी से 33 केवी बिजली लाइन कोपांग तक बिछाई जाएगी, जहां से नेलांग घाटी के रास्ते जादूंग, नीलापानी, सुमला और मंडी समेत अग्रिम सैन्य चौकियों तक पहली बार ग्रिड बिजली पहुंचाई जाएगी। उत्तरकाशी जिले की करीब 122 किलोमीटर लंबी भारत-चीन सीमा पर भारतीय सेना और आईटीबीपी के जवान वर्षभर तैनात रहते हैं। वर्तमान में इन चौकियों तक विद्युत ग्रिड नहीं पहुंचा है। बिजली की आवश्यकता डीजल-पेट्रोल जनरेटर और सौर ऊर्जा से पूरी की जाती है। शीतकाल में भारी बर्फबारी और सड़क मार्ग बंद होने से ईंधन की आपूर्ति प्रभावित होती है, जिससे बिजली व्यवस्था बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। केंद्र सरकार वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत चीन और नेपाल सीमा से लगे गांवों को चरणबद्ध तरीके से सड़क, बिजली, संचार, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने पर विशेष जोर दे रही है।




उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित गांव।

### अब चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमा तक मजबूत होगा रेल नेटवर्क

**नई दिल्ली** | भारत सरकार चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगी सीमाओं पर रेलवे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 45,000 करोड़ की योजना पर काम कर रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस योजना के तहत सीमावर्ती राज्यों में नए रेल ट्रैक, प्लेटफॉर्म और अन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाएगा, ताकि रणनीतिक और कनेक्टिविटी दोनों लिहाज से रेल नेटवर्क को मजबूत किया जा सके। अगले दो वर्षों में रेलवे आधारभूत ढांचे पर होने वाले कुल निवेश का लगभग 22% हिस्सा इन सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास पर खर्च किए जाने की योजना है।

**ई-20 • पीएमओ को भेजा ज्ञापन**

## पीएम आवास जा रहे केजरीवाल को पुलिस ने रोका, धरने पर बैठे



भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

ई-20 पेट्रोल नीति के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास की ओर मार्च लेकर निकले, लेकिन दिल्ली पुलिस ने उन्हें फिरोज शाह रोड पर रोक दिया। इसके बाद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अन्य नेताओं ने सड़क पर बैठकर धरना दिया। बाद में पुलिस ने उनका ज्ञापन पीएमओ को भेजा। इसमें 2.30 लाख लोगों के हस्ताक्षर हैं।

## मां का शव 3 साल फ्रीजर में रखा, पेंशन-भत्तों के 1 करोड़ रुपए लिए

**कार्डिफ**|यूरोपीय देश वेल्स में क्रिस्टोफर फिलिप्स नाम के व्यक्ति ने अपनी मां (60) की पार्थिव शरीर को करीब 3 साल तक घर के चेस्ट फ्रीजर में छिपाकर रखी। इस दौरान वह मां की पेंशन व सरकारी भत्ते लेता रहा। आरोपी ने करीब 1 करोड़ रुपए के फायदे गलत तरीके से लिए। कोर्ट ने उसे 2 साल 4 महीने की सजा सुनाई है। शख्स की मां सिल्विया फिलिप्स की मौत मार्च 2023 में हुई थी। मामला तब खुला, जब डॉक्टरों को महिला की सेहत की चिंता हुई और उन्होंने पुलिस से जांच करने को कहा।

## उदयनिधि ने अभिनेत्री तृषा पर 'डबल मीनिंग' कमेंट किया, गिरफ्तार हुए... थाने से जमानत

भास्कर न्यूज | चेन्नई



तमिलनाडु विधानसभा सत्र शुरू होने से एक दिन पहले नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन की गिरफ्तारी से सियासत गरमा गई। पुलिस ने मंगलवार सुबह 11 बजे चेन्नई स्थित आवास से उन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद शाम 6:45 बजे उन्हें थाने से जमानत पर रिहा किया गया। मामला 3 अगस्त को तंजावुर में कावेरी जल विवाद पर हुए प्रदर्शन से जुड़ा है। आरोप है कि भाषण के दौरान भीड़ ने अभिनेत्री तृषा का नाम लिया, जिस पर उदयनिधि ने कथित तौर पर तृषा और सीएम विजय पर डबल मीनिंग टिप्पणी की। इस पर उनके खिलाफ महिला उत्पीड़न निषेध एक्ट समेत 9 धाराओं में केस दर्ज किया गया।

### विस सत्र से पहले नया सियासी घमासान शुरू हुआ

- उदयनिधि स्टालिन ने कहा, मैंने मुख्यमंत्री के अलावा किसी का नाम नहीं लिया। फिर यह क्यों हो रहा है, इसका फैसला कोर्ट करेगा। डीएमके चीफ और पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने आरोप लगाया कि विधानसभा सत्र से पहले सियासी कारणों से कार्रवाई हुई है। ▪ राज्य सरकार के मंत्री आरएन कुमार ने कहा, सार्वजनिक पद पर बैठे व्यक्ति से ऐसी भाषा स्वीकार्य नहीं है। कानून अपना काम करेगा।
- गिरफ्तारी के खिलाफ डीएमके ने प्रदर्शन किया। डीएमके ने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी। सरकार ने कोर्ट को बताया था कि पूछताछ के बाद रिहा किया जाएगा।

### जैकेट के शेष

**एअर इंडिया के विमान...**
एयरपोर्ट पर यात्रियों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध करवाया गया। 17 घायलों को सीटी स्कैन, एमआरआई और एक्स-रे जैसी जांचों के बाद निगरानी के लिए भर्ती करना पड़ा। देर शाम नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू, उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा और डीजीसीए प्रमुख वीर विक्रम यादव ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। इसी बीच, विमान निर्माता कंपनी एयरबस को भी घटना की सूचना दे दी गई है। आमतौर पर पायलट संभावित टर्बुलेंस की यात्रियों को पहले जानकारी देते हैं। हालांकि, टर्बुलेंस के कारण यात्री और केबिन क्रू के घायल होने की घटनाएं बेहद कम होती हैं। 21 मई 2024 को लंदन से सिंगापुर जा रही सिंगापुर एयरलाइंस की उड़ान टर्बुलेंस की चपेट में आने के दौरान एक यात्री की हृदयाघात से मौत हो गई थी, जबकि कई घायल हुए थे। 1 मई 2022 को मुंबई से दुर्गापुर जा रही स्पाइसजेट की उड़ान भी गंभीर टर्बुलेंस का शिकार हुई थी। उस घटना में एक यात्री की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे।

**बेनामी केस में...**
ट्रिब्यूनल ने भी फैसले को सही ठहराया। इसके खिलाफ कंपनी ने हाई कोर्ट में अपील की थी। जस्टिस अरुण मोंगा और जस्टिस संदीप शाह की खंडपीठ ने कहा कि मामले में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पूरा पालन नहीं हुआ। इसलिए नए सिरे से सुनवाई जरूरी है। कंपनी को पक्ष रखने का मौका दिया जाए। कोर्ट के मुताबिक, बेनामी कानून और आयकर कानून के तहत कार्यवाहियां अलग-अलग हैं। लेकिन दोनों मामले एक ही तलाशी व लेनदेन से जुड़े हैं तो एक कानून के तहत सामने आए निष्कर्षों को बिना विचार किए नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस मामले में असेसमेंट अधिकारी ने पहले ही मान लिया था कि कंपनी ने ये संपत्तियां वैध पैसों और बैंक के जरिए खरीदी हैं। इस पर अतिरिक्त टैक्स नहीं बनता। कोर्ट ने कंपनी की संपत्तियों की कानूनी स्थिति पर भी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि किसी कंपनी की संपत्तियों के स्वामित्व का फैसला कानून और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर होना चाहिए।

**बिना थर्ड पार्टी बीमा...**
2018 में लंबी अवधि का बीमा अनिवार्य किया गया था। 8 साल बाद भी बड़ी संख्या में वाहन बिना बीमा चल रहे हैं। इरडा और जनरल इंश्योरेंस काउंसिल ने अवधि बढ़ाने का विरोध किया था। कोर्ट ने सड़क सुरक्षा और हादसा पीड़ितों के हित में अवधि एक साल बढ़ाना जरूरी माना।
**निर्देशः** हाईवे पर कैमरे लगाएं, बिना बीमा वाहन का चालान कटे
- एएनपीआर कैमरों को इंश्योरेंस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो और वाहन पोर्टल से जोड़ा जाए। कैमरे बिना बीमा वाहन पहचान कर ई-चालान जारी करें।
- पुलिस को बीमा की रियल टाइम जांच के लिए एप या हैंडहेल्ड डिवाइस दिए जाएं। चुनिंदा हाईवे पर टोल प्लाजा की जगह ऑटोमेटिक वाहन पहचान व्यवस्था लागू हो।

सरकार ने संसद में मानाः देश में 56% वाहन बिना बीमा • संसदीय समिति की रिपोर्ट के मुताबिक, देश के 30.48 करोड़ वाहनों में से 16.54 करोड़ के पास वैध बीमा नहीं है। यानी करीब 56% वाहन बिना बीमा चल रहे हैं।

**नीट यूजीः मेडिकल प्रवेश...**
दरअसल, राज्य सरकार ने इस वर्ष मेडिकल प्रवेश नियमों में संशोधन का मसौदा तैयार किया था। इसमें निजी मेडिकल कॉलेजों में पहली बार 30 से 35% सीटें मैनेजमेंट कोटे से भरने का प्रस्ताव था। अभ्यर्थियों, पालकों और विभिन्न संगठनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। मामला कोर्ट तक भी पहुंचा। इसके बाद सरकार ने फिलहाल नए नियम लागू नहीं करने का निर्णय लिया। डीएमई डॉ. अरुणा कुमार के अनुसार, प्रवेश नियमों में प्रस्तावित बदलाव इस सत्र में लागू नहीं किए जा रहे हैं।
**पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए नया नियम** : मेडिकल काउंसिलिंग कमेटी (एमसीसी) ने पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए नया नोटिस जारी किया है। अब इस श्रेणी में सीट का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के दिशा-निर्देशों के अनुसार अधिकृत मेडिकल असेसमेंट बोर्ड से पात्रता प्रमाणपत्र लेना होगा।

### अब एच-1बी वीसा रिन्यूअल फीस चुकानी पड़ सकती है

**भास्कर न्यूज, नई दिल्ली**| अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का प्रशासन एच-1बी और एल-1 वीसा नियमों को और सख्त करने की तैयारी में है। प्रस्ताव के तहत नए वीसा के साथ-साथ वीसा रिन्यूअल (एक्सटेंशन) पर भी अतिरिक्त शुल्क लगाया जाएगा। अभी यह शुल्क केवल नए ए-1बी/एल-1 वीसा या नियोक्ता बदलने की स्थिति में देना पड़ता है। यदि प्रस्ताव लागू होता है तो अमेरिका में 50 या उससे अधिक कर्मचारियों वाली और जिनमें आधे से ज्यादा कर्मचारी एच-1बी या एल-1 वीसा पर हों, ऐसी कंपनियों को एच-1बी एक्सटेंशन पर करीब 3.5 लाख रु. और एल-1 एक्सटेंशन पर करीब 3.9 लाख रु. अतिरिक्त शुल्क देना पड़ सकता है।

### पेज-1 का शेष

**दुष्कर्म केसः चरित्र-कपड़ों पर नहीं साक्ष्यों..**
राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी की रिपोर्ट में कहा गया है कि न्यायिक भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम ही नहीं, निष्पक्ष, गरिमापूर्ण और पक्षपात-रहित न्याय का आधार है। असंवेदनशील भाषा, लैंगिक रूढ़ियों और पीड़िता को दोषी ठहराने वाली टिप्पणियां उत्तरजीवियों (सर्वाइवर्स) को आघात पहुंचा सकती हैं। वे न्याय से दूर हो सकते हैं। इसलिए कोर्ट को सम्मानजनक, तटस्थ और सर्वाइवर-सेंट्रिक भाषा अपनानी चाहिए। यह रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के 10 फरवरी 2026 के आदेश के अनुपालन में तैयार की गई है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक विवादित फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 2023 की जेंडर स्टीरियोटाइप्स हैंडबुक की समीक्षा कर भारतीय सामाजिक संदर्भ के अनुरूप नई गाइडलाइन तैयार करने का निर्देश दिया था।


**PUNE MUNICIPAL CORPORATION**
**(PMC) PUNE 411 005.**
**Web: - http://mahatenders.gov.in**
**SUPERINTENDING ENGINEER BHAVAN DEPARTMENT**
**CORRIGENDUM**

अद्वितीय & Unique

A corrigendum is being issued for the following tenders of the bhavan departments of Pune Municipal Corporation. All the details regarding the tender terms, conditions etc. regarding the said work are available for viewing free of cost on www.mahatenders.gov.in as mentioned in the tender document.

| Sr. No. | Tender No. | Changes to the tender Of Date | |
|---|---|---|---|
| 1 | PMC/BHAVAN/19/ 2026-27 | E-tender sale period-<br>Tender acceptance period (final date & time)<br>Date of opening technical bid envelope | From 25/07/2026 (after 2:30 PM) to 18/08/2026 (up to 2:30 PM).<br>From 25/07/2026 (after 2:30 PM) to 18/08/2026 (up to 2:30 PM).<br>From 19/08/2026 (after 3:00 PM). |
| 2 | PMC/BHAVAN/20 /2026-27 | Instead of this, it should be read as follows: | |
| 3 | PMC/BHAVAN/21 /2026-27 | E-tender sale period-<br>Tender acceptance period (final date & time)<br>Date of opening technical bid envelope | From 25/07/2026 (after 2:30 PM) to 08/08/2026 (up to 2:30 PM).<br>From 25/07/2026 (after 2:30 PM) to 08/08/2026 (up to 2:30 PM).<br>From 10/08/2026 (after 3:00 PM). |
| 4 | PMC/BHAVAN/22 /2026-27 | | |

All other content will remain as previously published.

ADVT No : 3/502

sd/-
**SUPERINTENDING ENGINEER**
**BHAVAN DEPARTMENT**
Pune Municipal Corporation
Pune 411005



**SBI** भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखा-II, 11वां तल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी बिल्डिंग,
11वां तल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी बिल्डिंग, 1 टॉल्स्टॉय मार्ग, जनपथ, नई दिल्ली-110001, ईमेल : sbi.50950@sbi.co.in, फोन : 011-43179557, 9012141888

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

परिशिष्ट IV-क, (नियम 8(6) का परन्तुक देखें) अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को और विशेष रूप से उधार लेने वाला, गारंटर और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **भौतिक कब्जा**, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है", जैसा है" और जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्नवर्णित कर्जदारों/गारंटर्स और बंधककर्ताओं को प्रत्याभूतदाता, से प्रतिभूत लेनदार भारतीय स्टेट बैंक की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांकों को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि नीचे वर्णित रुपए होगी।

| कर्जदार / गारंटर(रों) का नाम पता/पते सहित | नीलामी के अधीन आवृत्त प्रभारित प्रतिभूति का पता | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (आरक्षित मूल्य का 10%) / वृद्धि राशि | सुरक्षित ऋण जिसकी वसूली के लिए संपत्ति को बेचा जाना है | सम्पत्ति का स्थल पर निरीक्षण करने हेतु तिथि एवं समय एवं प्राधिकृत अधिकारी का नाम | बोली आवेदन पत्र, केवाईसी दस्तावेजों, पैन कार्ड, ईएमडी जमा करने का प्रमाण आदि जमा करने की तिथि व समय और धरोहर राशि BAANKNET के माध्यम से | ई-नीलामी की तिथि / समय 10 मिनट प्रत्येक के आसीमित स्वतः विस्तार सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **मैसर्स छिंदवाड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि.** गांव - राजना, खसरा नं. 38/1, गांव-हिवाड़ासेनाद्वार, भोपाल - नागपुर राजमार्ग (एनएच -69), तहसील और जिला - पांढुर्ना -480334.<br>**कॉर्पोरेट कार्यालय - मैसर्स छिंदवाड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि.,** ए-60, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज -2, नई दिल्ली - 110020,<br>**पंजीकृत कार्यालय-मैसर्स छिंदवाड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि.,** 25/694, शंकर नगर, भोपाल नागपुर हाईवे, पीओ पांढुर्णा, जिला- पांढुर्णा, मध्य प्रदेश - 480334,<br>**मैसर्स छिंदवाड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि.,** केवल इंडस्ट्रियल एस्टेट, एस.बी. मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013।<br>**श्री कपिल चौधरी,** 6, फर्न (Fern) लेन, डीएलएफ फार्म्स के अंदर, छतरपुर गांव, नई दिल्ली - 110074।<br>**मैसर्स छिंदवाड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि.,** पीएचडी हाउस, 4/2, सिरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली, दिल्ली- 110016 | छिंदवाड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड की व्यावसायिक भवन :-<br>1. खसरा नंबर 1335/1 (क्षेत्रफल 2.19 एकड़), 1336/4 (क्षेत्रफल 2.42 एकड़), 1336/5 (क्षेत्रफल 1.44 एकड़), 1336/6 (क्षेत्रफल 2.08 एकड़), 1337/1 (क्षेत्रफल 1.08 एकड़), 1338/1 (क्षेत्रफल 1.15 एकड़), 1338/3 (क्षेत्रफल 1.74 एकड़), 1343/1 (क्षेत्रफल 0.18 एकड़), 1343/7 (क्षेत्रफल 0.83 एकड़), जो कि मौजा राजना, गाँव राजना, तहसील **पांढुर्णा**, जिला छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश में स्थित है, जो सीएलसी टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर है। क्षेत्रफल 13.11 एकड़ (जो सीएलसी टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड द्वारा छिंदवाड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को लीज/पट्टे पर दिया गया है)।<br>चौहद्दी : उत्तर : प्लॉट नं. 1336/1, 1336/2 और 1336/3<br>दक्षिणः पात्रीकर पेट्रोल पंप और प्लॉट नं. 1338/4, 1337/2 और 1343/4 पूर्व : प्लॉट नं. 37, 34/1 और 35/2<br>पश्चिम : प्लॉट नं. 1332 और 1334 | ₹ 8,48,00,000/-<br>₹ 84,80,000/-<br>₹ 10.00 लाख | ₹63,42,24,805/- (तिरसठ करोड़ बयालीस लाख चौबीस हजार आठ सौ पाँच रुपये मात्र) 31.07.2026 तक, साथ ही अनुबंध की दर से अतिरिक्त ब्याज और अन्य सभी विविध खर्च, शुल्क, लागत आदि। | 21.08.2026 दोपहर 12.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक<br>प्राधिकृत अधिकारीः श्री बलराम सिंह मुख्य प्रबंधक मो. 9001896305 | https://BAANKNET.com देखें<br>रिजॉल्यूशन ऐजेंटः श्री संदीप साहा मो. नं. 7428491902, 7011475445 | 27.08.2026 दोपहर 12.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक 10 मिनट प्रत्येक के असीमित स्वतः विस्तार सहित |

**2. सर्वे नंबर 35/1 (क्षेत्रफल 0.08 एकड़) और 38/1 (क्षेत्रफल 1.43 एकड़), मौजा हिवरासेनाद्वार, जिला छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश, जो सीएलसी टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर है। क्षेत्रफल 1.51 एकड़ (जो सीएलसी टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड द्वारा छिंदवाड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को लीज/पट्टे पर दिया गया है)।**
**चौहद्दी : सर्वे नंबर 35/1: उत्तर :** सर्वे नंबर 34/2 की भूमि **दक्षिण :** सर्वे नंबर 35/5 की भूमि **पूर्व** : सर्वे नंबर 35/8 की भूमि **पश्चिम** :सर्वे नंबर 34/1 की भूमि
**सर्वे नंबर 38/1: उत्तर :** सर्वे नंबर 38/3 की भूमि **दक्षिण :** सर्वे नंबर 39 की भूमि **पूर्व** : सर्वे नंबर 37 की भूमि **पश्चिम :** पांढुर्णा रोड
**(भौतिक कब्जे के तहत)**
**ज्ञात भार :- एसडीएम राजस्व पांढुर्णा, जिला छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश द्वारा जारी पत्र संख्या 8133 दिनांक 02.09.2019 के अनुसार 26.20 लाख रुपये का बकाया (और यदि कोई अन्य शुल्क/प्रभार हो, तो वह भी शामिल है)।**

**M/S PSB ALLIANCE (BAANKNET)** द्वारा प्रदान किए गए ई-नीलामी साइट **https://baanknet.com** पर बोलीकर्ताओं द्वारा ईएमडी को अपने स्वयं के बटुए(**wallet**) में हस्तांतरित / जमा करना होगा।

**नियम व शर्तेंः- ई-नीलामी "जहाँ है", जैसा है" और जो कुछ भी है" के आधार पर ऑन लाईन आयोजित की जायगी।**
ई-नीलामी **https://BAANKNET.com** लिंक के माध्यम से आयोजित की जाएगी। इसके अलावा, बोलीदाताओं को ई-नीलामी सेवा प्रदाता **M/S PSB ALLIANCE (BAANKNET)** की सेवा शर्तों का अनुपालन करना होगा।
इच्छुक बोलीदाता ई-नीलामी बंद होने से पूर्व **M/S PSB ALLIANCE (BAANKNET)** के पास प्री-बिड ईएमडी जमा कर सकते हैं। **M/S PSB ALLIANCE (BAANKNET)** के बैंक खाते में भुगतान की प्राप्ति और ई-नीलामी वेबसाइट में इस तरह की जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को प्री-बिड ईएमडी का क्रेडिट दिया जाएगा। बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार इसमें कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को अपने हित में सलाह दी जाती है कि किसी भी अंतिम समय की समस्या से बचने के लिए बोली पूर्व ईएमडी राशि अग्रिम रूप से जमा करें।
तथापि इच्छुक बोलीदाता(ओं) को, ऋणभार, नीलामी में रखी गयी सम्पत्ति(यों) के स्वामित्व तथा सम्पत्ति(यों) को प्रभावित करने वाले दावों / अधिकारों / बकाया राशियों के संबन्ध में अपनी स्वयं स्वतन्त्र जांच, अपनी बोली प्रस्तुत करने से पूर्व कर लेनी चाहिए। इस संदर्भ में ई-नीलामी विज्ञापन, बैंक की किसी भी प्रकार की प्रतिबद्धता/वचनबद्धता निर्मित नहीं करता है और न ही कोई वचनबद्धता/प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व करता समझा जायेगा।
सफल बोलीदाता की **धरोहर राशि जमा (ईएमडी)** बिक्री प्राप्ति के भाग के रूप में रोक कर रखी जाएगी तथा असफल बोलीदाताओं की ईएमडी वापस कर दी जाएगी। धरोहर राशि जमा पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। **सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि, पहले अदा की गई ईएमडी समायोजित करने के बाद प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बोली मूल्य स्वीकार किए जाने के बाद अर्थात उसी दिन या अगले कार्य दिवस में जमा करनी होगी** तथा शेष राशि बिक्री के 15वें दिन या उससे पहले जमा करनी होगी। सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान में चूक की स्थिति में पहले जमा की गई राशि जब्त मान्य होगी और सम्पत्ति की नीलामी नए सिरे से की जाएगी तथा चूककर्ता बोलीदाता का सम्पत्ति/राशि के संबंध में कोई दावा/अधिकार मान्य नहीं होगा।
प्राधिकृत अधिकारी /प्रतिभूत लेनदार किसी तृतीय पक्ष के दावों / अधिकारों / बकाया राशियों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। यह ई-नीलामी वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम- 2002 के अन्तर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अनुसार की जायेगी। और आयकर/जीएसटी नियम, जहां भी लागू हों।
ई-नीलामी के अन्य नियम व शर्तें निम्नलिखित वेबसाईट पर प्रकाशित की गई है। **https://BAANKNET.com, https://www.sbi.co.in**

सरफासी ऐक्ट, 2002 के अधीन बिक्री हेतु कानूनी नोटिस

तिथि : 04-08-2026, स्थान : पांढुर्णा (एमपी) हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक